## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–17.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. केन्द्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए 8वें वेतन आयोग के गठन को दी मंजूरी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – इस फैसले से लोगों के जीवन की गुणवत्ता में होगा सुधार।।
2. आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डा. एल मुरुगन आज पश्चिमी सिंहभूम में आईटीआई जगन्नाथपुर और केज फिशरीज–करंजिया का करेंगे दौरा।
3. जेपीएससी नियुक्ति घोटाला मामले में दायर चार्जशीट पर अदालत ने लिया संज्ञान, आरोपियों को समन जारी कर 15 फरवरी को पेश होने का दिया निर्देश।
4. राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बजट पूर्व संगोष्ठी में कहा– हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर बनाया जायेगा राज्य का बजट।
5. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कार करेंगी प्रदान, झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को मिलेगा अर्जुन अवार्ड।

******************

केन्द्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 7वें वेतन आयोग का कार्यकाल 2026 में समाप्त होने वाला है और 8वें वेतन आयोग की सिफारिशें प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 8वें वेतन आयोग के फैसले से लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार आएगा और उपभोग को बढावा मिलेगा। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने सभी सरकारी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की, जो एक विकसित भारत के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं।

******************

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डा. एल मुरुगन आज पश्चिमी सिंहभूम में आईटीआई जगन्नाथपुर और केज फिशरीज–करंजिया का दौरा करेंगे। डा. मुरुगन सेल खदान का भी निरीक्षण करेंगे। इससे पहले कल पश्चिमी सिंहभूम पहुंचने पर उपायुक्त कुलदीप चौधरी और पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। देर शाम केंद्रीय मंत्री ने चाईबासा स्थित प्रकृति व्याख्या केंद्र का भ्रमण किया।

******************

झारखंड लोक सेवा आयोग–जेपीएससी के प्रथम सिविल सेवा नियुक्ति घोटाला मामले में सीबीआई की ओर दाखिल चार्जशीट पर अदालत ने संज्ञान लिया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने आरोपियों की उपस्थिति को लेकर समन जारी किया है। आरोपियों को 15 फरवरी को अदालत में पेश होने को कहा गया है। गौरतलब है कि सीबीआई ने जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डा. दिलीप प्रसाद समेत 37 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

******************

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार पर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है। गिरिडीह में दिशा की बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पूरे झारखंड में जल जीवन मिशन में व्यापक गड़बड़ी हुई है और लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने रांची में आयोजित बजट पूर्व संगोष्ठी के दौरान कहा कि वर्ष 2025–26 का बजट हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर बनाया जायेगा। दो दिवसीय संगोष्ठी के पहले दिन कृषि, सिंचाई, वन–पर्यावरण, ग्रामीण विकास, आजीविका मिशन, नगर विकास, पर्यटन, उद्योग, ख़ान एवं भूतत्व, श्रम एवं कौशल विकास समेत कई विभागों की योजनाओं पर विशेषज्ञों के साथ वित्त मंत्री ने चर्चा की। बैठक के बाद कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरकार पूरी ईमानदारी के साथ जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

******************

साहिबगंज के किसानों को कार्यशाला के माध्यम से जागरूक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

प्रयागराज महाकुम्भ के दौरान बीते छह दिनों में सात करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर चुके हैं। यह स्नान 11 जनवरी से शुरू हुआ था। हमारे संवाददाता ने बताया कि कल 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों के संगम में स्नान किया। एक रिपोर्ट

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में विश्व शतरंज चौंपियन डी. गुकेश, पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर, भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति झारखंड की बेटी और भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे को भी अर्जुन अवार्ड से सम्मानित करेंगी।

******************

रांची में खेली जा रही महिला हॉकी इंडियन लीग में ओडिशा वारियर्स ने श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को तीन–दो से हराया। महिलाओं के मुकाबले में पहली बार पेनल्टी शूटआउट देखने को मिला। उधर, राउरकेला में पुरुषों के मुकाबले में वेदांता कलिंगा लांसर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को पांच–एक से हरा दिया।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक भास्कर ने लिखा है– सरकारी सैलरी 38 प्रतिशत, पेंशन 34 प्रतिशत बढ़ेगी।
हिन्दुस्तान की सुर्खी है– आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी।
प्रभात खबर लिखता है– निकाय चुनाव के लिए सरकार ने मांगे चार माह।
दैनिक जागरण के शब्द हैं– हाईकोर्ट का आदेश, राज्य में चार माह के भीतर करायें निकाय चुनाव।

******समाप्त***********